एक नजर में

चिटनिस द्वारा विशेष निधि से स्वीकृत 100 केवीए डीटीआर हुआ स्थापित

माली समाज ने पूर्व मंत्री, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता,बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस का माना आभार।

बुरहानपुर। म.प्र.की पूर्व मंत्री,भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस के द्वारा पांच लाख बावन हजार की विशेष निधी से स्वीकृत 100 केवीए डिस्ट्रीब्युशन ट्रान्सफार्मर को लोधीपुरा रोड स्थित स्वर्गीय धनाबाई रावजी महाजन मांगलिक भवन (माली समाज मंगल भवन) परिसर के पास स्थापित किया गया। उक्त कार्य सम्पन्न होने पर भाजपा जिला महामंत्री चिन्तामन महाजन , नगर निगम पार्षद एवं स्वास्थ्य विभाग चेयरमेन धनराज महाजन , पूर्व पार्षद पांडुरंग जाधव, भास्कर महाजन, चम्पालाल बाबुलाल महाजन,कमलेश कुशवाह, अरूण महाजन, जमनादास पटेल,सुभाष पटेल, सुरज कन्हैया महाजन, जितेन्द्र पंजराये ने उक्त कार्य होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुवे श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी का आभार व्यक्त किया है।

हल्दी कुमकुम कार्यक्रम में सुहागन महिलाओं को भेंट किए सिंदूर के पौधे

नेपानगर । बुरहानपुर जिले के नेपानगर स्थित फॉरेस्ट कॉलोनी में मकर संक्रांति के उपलक्ष में हल्दी कुमकुम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एकत्रित हुई महिलाओं का सम्मान कर भेंट स्वरूप सुहाग का प्रतीक सिंदूर का पौधा भेंट दिया गया हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन फॉरेस्ट कॉलोनी निवासी मंगला महाजन एवं चंचल महाजन के द्वारा अपने निवास पर किया गया। जिसमें नगर की सभी सम्माननीय महिलाएं सम्मिलित हुई जिन्हें सिंदूर एवं शमी के पौधों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण हेतु संदेश दिया। इस दौरान मंगला महाजनए चंचल महाजन, मीना चौहान, काजल चौहान,सोनी ससाने, पल्लवी श्रीमाली, आम्रपाली गोपाल, रिंकी चौहान,अनीता चौधरी, ज्योत्सना करकरे, ललिता उपाध्याय, रुचिका जैनए वानखेड़े मैडम, शिल्पा वानखेडे, अर्चना चौरे एवम् कॉलोनी सहित बड़ी संख्या में नगर की महिलाएं उपस्थित रही।

परिजन बोले-वैष्णवी को न्याय मिलता तो नागेश की मौत का रहस्य नहीं बनता, प्रशासन ने आंखें मूंद लीं

बुरहानपुर। मध्यप्रदेश के बुरहानपुर का हकीमी अस्पताल मामला अब सिर्फ एक मौत की कहानी नहीं, बल्कि लापरवाही, सिस्टम की सुस्ती और प्रशासनिक चुप्पी का वो चेहरा बन गया है, जो हर आम आदमी को डरा रहा है। 11 नवंबर को ऑपरेशन के दौरान वैष्णवी की मौत हुई, लेकिन दोषी डॉक्टरों पर आज तक एफआईआर नहीं हुई। इसी देरी को लेकर हिन्दू संगठन और परिजनों ने बड़ा आरोप लगाया कि अगर प्रशासन उसी दिन सख्ती दिखाता तो वैष्णवी के पति नागेश चौहान की असमय और संदिग्ध मौत तक मामला नहीं पहुंचता। परिजनों का साफ कहना है, हम शांति से मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन बार.बार अनदेखी कर रहा है, इसलिए अब आवाज तेज करनी पड़ रही है। शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिन्दूवादी नेताए वैष्णवी के परिजन और अधिवक्ता महेश सिंह चौहान ने प्रशासन पर सीधा हमला बोलते हुए कहा वैष्णवी को न्याय मिल जाताए अपात्र डॉक्टरों पर उसी समय कार्रवाई हो जाती तो नागेश आज जिंदा होता। उन्होंने आरोप लगाया कि वैष्णवी की मौत के बाद भी प्रशासन ने मामले को गंभीरता से नहीं लियाए इसी लापरवाही ने एक पूरे परिवार को दोहरी मौत का दर्द दे दिया। परिजनों ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन ने मौत के बाद लगातार कारण बदल.बदलकर बताएए जिससे शक और गहरा गया। कभी कहा हार्ट अटैकए कभी बोला फेफड़ों में पानी चला गया। महेश सिंह चौहान का आरोप है कि जब परिवार ने जानकारी मांगी तो उन्हें गुमराह किया गयाए जबकि पूरे मामले में डॉक्टरी रिपोर्टए व्ज् रिकॉर्ड और जिम्मेदारी तय होना चाहिए थी। इस पूरे मामले में अब तक का सबसे विस्फोटक सवाल यही है किकृ वैष्णवी को सुबह 9 बजे अस्पताल बुलाया गयाए ऑपरेशन का समय बताया जा रहा है 11 बजे से ढाई बजे के बीच लेकिन परिजनों का दावा है कि डॉण् रेहाना बोहरा दोपहर 2रू05 बजे तक जिला अस्पताल में थीं। तो फिर सवाल सीधा है व्ज् में ऑपरेशन किसने कियाघ् क्या ऑपरेशन करने वाला डॉक्टर पात्र था क्या वह डॉक्टर अधिकृत था या श्बिना योग्यता के काम कर रहा थाघ् परिजनों ने कहाकृआज तक प्रशासन ने इस पर एक लाइन भी साफनहीं कही।

नि:शुल्क 2 .व्हीलर ड्राइविंग लाइसेंस शिविर

बुरहानपुर। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षकगौरव पाटिल के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। जिले में संचालित सड़क सुरक्षा माह अभियान एवं एकीकृत जागरूकता अभियान के तहत यातायात थाना परिसर में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत महिलाओं एवं बच्चियों के लिए नि:शुल्क 2.व्हीलर ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया साथ ही शिविर में उपस्थित महिलाएं एवं बच्चियों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी एवं यातायात संकेतों के बारे में भी बताया गया। यातायात सूबेदार श्री नागेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा आयुर्वेदिक कॉलेज मे सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं यातायात के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रभारी मंत्री सिलावट गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे

नेहरू स्टेडियम में प्रात: 9 बजे से आयोजित होगा मुख्य समारोह

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। प्रदेश सरकार के जल संसाधन विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट का बुरहानपुर जिले में दौरा कार्यक्रम प्राप्त हुआ है। जारी कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री श्री सिलावट सोमवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्थानीय नेहरू स्टेडियम में प्रात: 9 बजे से आयोजित मुख्य समारोह में सहभागिता कर राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। तत्पश्चात् दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर शा.हा.स्कूल लालबाग बुरहानपुर में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री श्री सिलावट दोपहर 02:30 बजे खंडवा के लिये प्रस्थान करेंगे।

16 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया

रविवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में 16 वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों द्वारा भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के संदेश को देखा व सुना गया। इसी श्रृंखला में कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हर्ष सिंह ने नवीन मतदाताओं को वोटर आईडी कार्ड वितरित किए। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने उपस्थितजनों को शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतदान के अधिकार पर प्रकाश डाला, उन्होंने एसआईआर कार्य में संलग्न अधिकारियों.कर्मचारियों को सक्रियता, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठता के साथ कार्य करने हेतु प्रोत्साहित भी किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने एसआईआर कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने पर अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान सहित अन्य अधिकारियों.कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश पाटीदार, एसडीएम बुरहानपुर ,अजमेर सिंह गौड़, एसडीएम नेपानगर भागीरथ वाखला, स्वीप आइकॉन महेन्द्र जैन,धर्मेन्द्र भंडारी सहित अन्य द्वारा सहभागिता की गयी।

26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर बुरहानपुर पुलिस अलर्ट

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में शाम में पैदल फुट पेट्रोलिंग करते हुए अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिण् पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में समस्त थानाध्चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र में पैदल फुट पेट्रोलिंग भ्रमण किय,भ्रमण के दौरान मुख्य चौराहों, बाजार, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थानों, होटल, लॉज आदि की औचक चैकिंग करते हुए अवैध रूप से जमाबड़ा कम करने एवं किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां न हो इसकी समझाइश दी गई। फुट पेट्रोलिंग के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करने के संबंध में किया जा रहा है लोगों को जागरूक। पुलिस की आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या भड़काऊ जानकारी साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पांगरी बांध परियोजना के किसानों एवं एसडीएम में तात्कालिक समझौता

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। ज्ञात हो कि पिछले 3 वर्षों से पांगरी बांध परियोजना के किसान सतत संघर्ष करते आ रहे हैं अपने अनूठे और विचित्र आंदोलन की वजह से प्रदेश भर में चर्चा का विषय रहें एकिसानों के शिष्टमंडल तथा अनुविभागीय अधिकारी कि मुआवजे के विषय में भुमि अधिग्रहण कानून के विभिन्न धाराओं एवं अधिनियमों पर गहन एवं विस्तृत चर्चा नेपानगर में संपन्न हुई ।

जिसमें अनुविभागीय अधिकारी भगीरथ वाखला ने किसानों को आश्वस्त किया कि कानूनन अधिक से अधिक मुआवजा प्रदान किया जाएगा ।इसके प्रत्युत्तर में डॉ रवि कुमार पटेल

ने कहा कि आगामी दिनों में सरकार अगर न्याय संगत मुआवजा नहीं प्रदान करती है तो आंदोलन तीव्र एवं व्यापक स्वरूप में किया जाएगाए अवार्ड घोषित होने तक के लिए किसान आंदोलन से विराम लेंगे ए भुमि अधिग्रहण कानून में ग्रामीण क्षेत्रों में दो गुना मुआवजा का प्रावधान है और वह हम लेकर रहेंगे पांगरी बांध प्रभावित किसानों ने शांतिपूर्ण ढंग से अनेकों आंदोलन किए जिनमें शीर्षासन आंदोलन, पत्थर खाओ आंदोलन, धृतराष्ट्र आंदोलन, सिर पर खेती आंदोलन, मुंह काला आंदोलन, सद्बुद्धि यज्ञ आंदोलन, अर्धनग्न आंदोलन,अर्ध जलमग्न आंदोलन, वृक्षासन आंदोलन, आकंठ जलमग्न आंदोलन आदी मानव आंदोलनए लेखन पाटी आंदोलनए आदि अन्य आंदोलन शामिल हैं। किसान और प्रशासन का समझौता कब तक रहेगा यह देखना दिलचस्प होगाए गलियारों में यह भी चर्चा है कि आने वाले दिनों में पांगरी बांध प्रभावित किसान और अधिक आक्रामक तरीके आंदोलन कर सकते हैं। इस शिष्टमंडल की अगुवाई नित्य कि तरह डॉ रवि कुमार पटेल ने किया साथ ही प्रमुखता से नंदू पटेल,मान्या भिलावेकर, माधो नाटो, बद्री वास्कले, राहुल राठोड़, रामदास, श्रीराम मामराज, सालिकराम,संजय चौकसे, श्रीकिशन आदि अन्य किसान मौजूद थे।

जिला भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा कमल तिराहा,सांसद कार्यालय एवं जिला कार्यालय पर ध्वजारोहण किया जायेगा।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर कल दिनांक 26 जनवरी सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'कमल टॉकिज पर प्रातरू 08.00 बजे, सांसद कार्यालय पर प्रात: 8.15 बजे एवं भाजपा जिला कार्यालय पर प्रातरू 08.30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा।

भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने ,जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, संजय जाधव, ईश्वर चौहान ने समस्त जिला , मंडल एवं

मोर्चा के समस्त पदाधिकारी, जनप्रतिनिधीगण एवं कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया है कि वह ध्वजारोहण समारोह में शामील होकर कार्यक्रम को सफल बनावें।

लायंस क्लब द्वारा विशाल ह्रदय रोग, मधुमेह एवं थायराइड जांच शिविर

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। लायंस क्लब बुरहानपुर एवं राजस्थान सेवा समिति के तत्वावधान में एवं विशेष जुपिटर हॉस्पिटल इंदौर के विशेष सहयोग से राजस्थानी भवन में विषाल ह्रदय रोग, मधुमेह एवं थायराइड जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें इन्दौर से पधारे चिकित्सकों द्वारा ह्रदय रोगए मधुमेह एवं थायरॉईड के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत करवाया गया साथ ही सीपीआर देने का एक लाइव डेमो प्रदर्शित किया गया। जिसमें हार्ट बन्द हो जाने की स्थिति में सीपीआर देकर किस प्रकार जीवन बचाया जा सकता हैए यह प्रशिक्षण दिया गया। इस षिविर में 275 व्यक्तियों की नि:षुल्क जांच कर डॉक्टर्स द्वारा उचित परामर्ष दिया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ शैलेन्द्र त्रिवेदी एवं डॉ अम्बरीश पटेल उपस्थित रहे। साथ ही राजस्थान सेवा समिति के संरक्षक भगवती प्रसाद बगड़िया,धर्मचंद जी पाटोदी, लायंस क्लब के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ आई एल मूंदड़ा, बुरहानपुर के पूर्व विधायक ठाण् सुरेन्द्रसिंहए लायंस क्लब बुरहानपुर के अध्यक्ष मुकेश देवड़ा राजस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश पारीक, लायंस क्लब के सचिव, डॉ एजाज गफ्फार खान,कोषाध्यक्ष पुष्पा मूंदड़ा, राजस्थान सेवा समिति के संयोजक राजेश जैन, सहसंयोजक अशोक लोहिया, सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारीका वीरेंद्रसिंह ठाकुर,आदित्यवीर सिंह , मनीष पटेल, एमजेएफडॉ.एस.एम.तारिक,डॉ.राजेन्द्र चापोरकर, आजम राही,सुनील मूंदडा सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन भरत रावल द्वारा किया गया।

16 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस नगर परिषद शाहपुर में मनाया गया

नवभारत न्यूज,शाहपुर। 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नगर परिषद शाहपुर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने मतदाता शपथ ली। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित करना

कार्यक्रम की मुख्य बातें:- अधिकारियों और कर्मचारियों ने निष्पक्ष,निर्भीक और प्रलोभनमुक्त मतदान करने की शपथ ली। नए मतदाताओं को सम्मानित किया गया और उन्हें मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस का महत्व:- यह दिवस मतदाता पंजीकरण को बढ़ावा देने और नागरिकों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। यह दिवस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए भी मनाया जाता है। इस अवसर पर निर्वाचन प्रभारी जगन्नाथ महाजन,ईश्वर वरखेड़े, बालू जंजाल, राजू महाजन, भूषण आखरे, विनोद इंगले, नगर के समस्त बी एल ओ आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, शिक्षक एवं नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित थे।

मतदाता दिवस : विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

नवभारत न्यूज,

नेपानगर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नेपानगर में मदाता दिवस के उपलक्ष्य में एक आवश्यकयाणआधारित कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की संरक्षक व प्राचार्य डॉ मनीष साकल्ले के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवा पीढ़ी से अपने मताधिकार का विवेकपूर्णए अनिवार्य रूप से उपयोग करने का आह्वान किया तथा मतदान को नागरिक कर्तव्य के साथण्साथ सोकतांत्रिक जिम्मेदारी बढ़ाया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बीड़ कॉलोनी में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। विद्यार्थियों ने मतदाता जागरुकता स संबंधित स्लोगनए पोस्टर निर्माण किया तथा आमजन से संवाद करते हुए परिचर्चा भी की। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राजू सपकालेए कविता सेठी आदि मौजूद थे।

विप्र नारी शक्ति संस्था बुरहानपुर द्वारा भव्य हल्दी-कुमकुम एवं तिलगुड़ कार्यक्रम संपन्न

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। विप्र समाज की नारी शक्तिए संस्कारए सेवा और नेतृत्व का सुंदर संगम देखने को मिला जब विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था बुरहानपुर द्वारा पारंपरिक हल्दी.कुमकुम एवं तिलगुड़ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक परंपराओं का उत्सव थाए बल्कि विप्र समाज की महिलाओं की एकताए आत्मबल और सामाजिक चेतना का सशक्त प्रतीक भी बना।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती गौरी शर्मा ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि विप्र समाज की महिलाएं केवल परिवार की धुरी ही नहीं,बल्कि समाज को दिशा देने वाली संस्कारवानए

शिक्षित और सेवा.भाव से परिपूर्ण शक्ति हैं।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में एसडीएम पल्लवी पुराणिक, शाहपुरा अध्यक्ष साधना तिवारी, अर्वाचीन स्कूल की संस्थापिका राखी मिश्रा,प्रदेश मीडिया प्रभारी पायल अवस्थी,जिला अध्यक्ष आशा तिवारी, संरक्षक अतुला शेंडेजी, करुणा भट्ट एवं बाल न्यायालय की सदस्य मेघा भिड़े उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने अपने सारगर्भित वक्तव्यों में विप्र समाज की महिलाओं को संस्कार, सेवा, संगठन और सशक्तिकरण का प्रेरक संदेश दिया। कार्यक्रम की विशेष एवं गौरवपूर्ण बात यह रही कि मंचासीन सभी अतिथि विप्र नारी थीं, जो इस बात का जीवंत प्रमाण है कि विप्र समाज की महिलाएं आज शिक्षाए प्रशासनए सामाजिक सेवा और नेतृत्व के हर क्षेत्र में सशक्त भूमिका निभा रही हैं। हल्दी.कुमकुम एवं तिलगुड़ का वितरण अनामिका बरौले एवं राधा दीक्षित द्वारा आत्मीय भाव से किया गया। वहीं रेखा शर्मा एवं ज्योति जोशी ने अतिथियों एवं सहभागियों को स्नेह.स्मृति स्वरूप उपहार भेंट किए।

कार्यक्रम का कुशल एवं गरिमामयी संचालन वरदा परचुरे एवं वीणा सांगलीकार ने किया। मनोरंजक एवं उत्साहवर्धक खेलों का संचालन स्नेहा जोशी एवं प्रियंका शर्मा द्वारा किया गयाए जिनका आनंद एसडीएम पल्लवी पुराणिक सहित सभी अतिथियों एवं उपस्थित महिलाओं ने उत्साहपूर्वक लिया।

एक नजर — बुरहानपुर में महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना की सफलता से अन्य राज्यों में भी क्रियान्वयन की संभावना

दिल्ली और भोपाल से आए अधिकारियों ने किया स्थल का भौतिक सत्यापन एवं पर्यटन सखियों से मुलाकात

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। जिले में संचालित श्महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजनाश् की सराहना करते हुए इसे अन्य राज्यों में भी इसी तर्ज पर लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा संचालित इस परियोजना का उद्देश्य पर्यटन स्थलों को महिलाओं के लिए सुरक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने का हैए जिसमें स्थानीय महिलाओं को प्रशिक्षण देकर पर्यटन गाइडए इको फ्रेंडली उत्पाद निर्माण एवं अन्य संबंधित गतिविधियों में शामिल किया जा रहा है।

संस्था द फिफ्थ डाइमेंशन एकेडमी की डायरेक्टर माधुरी शर्मा ने बताया कि आज विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर दिल्ली से विशेष रूप से आए अधिकारी श्री स्वर्णेंदु गांगुली एवं भोपाल से आए श्री अलोक चौबे ने बुरहानपुर में परियोजना का भौतिक सत्यापन किया गया व परियोजना के अंतर्गत प्रशिक्षित पर्यटन सखियों से मुलाकात की गई।

अधिकारियों ने शाही किले पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लियाए जहां उन्होंने सभी पर्यटन सखियों से उनके कार्यों, चुनौतियों एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही महिलाओं द्वारा स्वयं निर्मित उत्पादों ;हस्तशिल्प, स्मृति चिन्ह आदिद्ध का अवलोकन किया तथा उनकी गुणवत्ता एवं बाजार क्षमता की प्रशंसा की। बुरहानपुर के पर्यटन स्थलों के सोविनियर लोकरंग जैसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों में हाथोंहाथ लिए जा रहे है।

श्री स्वर्णेंदु गांगुली जी ने कहा कि बुरहानपुर में इस परियोजना के तहत महिलाओं की भागीदारी एवं उनके द्वारा किए जा रहे नवाचारी कार्य प्रभावशाली हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली से प्राप्त फीडबैक के आधार पर इस मॉडल को अन्य राज्यों में लागू करने की योजना बनाई जा रही हैए ताकि महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा मिल सके।

अलोक चौबे जी ने भी परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि भोपाल से संचालित निगरानी में बुरहानपुर का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैंए बल्कि पर्यटन को भी नई दिशा दे रहे हैं व उन्होंने बताया कि निर्भया सहायतित महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना अन्य राज्यों में भी संचालित होगी। परियोजना द्वारा प्रशिक्षित टूर फैसिलिटेटर अंजलि मिश्रा ने बुरहानपुर के पर्यटन स्थलों के बारे रोचक तरीके से अतिथियों को बताया ।

कार्यक्रम में शाही किले के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए पर्यटन सखियों ने पर्यटकों के लिए सुरक्षित एवं आकर्षक वातावरण बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह परियोजना मध्य प्रदेश को महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। परियोजना की सफलता से उत्साहित होकर अब इसे राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।